# रूस में भीषण गर्मी के कारण वनाग्नि की घटनाएँ

**सरोत: डाउन टू अरथ**

मार्च 2024 की शुरुआत से **रूस के आठ क्षेत्रों में फैली** वनाग्नि के परिणामस्वरूप इस साल देश के अधिकांश हिस्सों में **"उच्च" (High) और "चरम" (Extreme) वनाग्नि** की संभावना व्यक्त की गई है। यह विगत वर्षों में देखी गई प्रवृत्ति का ही अनुसरण करती है, जैसे कि वर्ष 2019 और 2022 में साइबेरिया में हीटवेव के कारण **वनाग्नि की विनाशकारी घटनाएँ** सामने आईं थीं।

- **सखा गणराज्य या याकुतिया** का एक शहर **वेरखोयांस्क (Verkhoyansk)**, जिसे **'विश्व में सबसे ठंडे आवास योग्य स्थान'** के रूप में जाना जाता है, ने जून 2020 में 38 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो संभवतः आर्कटिक वृत्त क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक तापमान है।
- रूस के कई क्षेत्र, जिनमें **यहूदी स्वायत्त क्षेत्र (Jewish Autonomous Region)** और **खाबरोवस्क** (Khabarovsk) क्षेत्र शामिल हैं, वर्तमान में **वनाग्नि की घटनाओं में व्यापक वृद्धि के कारण आपातकाल की स्थिति में** हैं।
- रसियन हाइड्रोमेटोरोलॉजिकल सेंटर ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि इस साल रूस के अधिकांश हिस्से को **"उच्च" और "चरम" वनाग्नि के जोखिम वाली लंबी अवधि** का सामना करना पड़ेगा।

**और पढ़ें:** वनाग्नि

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/heatwaves-causing-major-wildfires-in-russia